# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये General Knowledge की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के General Knowledge के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

## Special 25 Questions for General Knowledge 15/04/2019

# भारतीय राजव्यवस्था

**26.** किस वर्ष भारतीय सैनिकों ने गोवा, दमन एवं दीव को पुर्तगालियों से मुक्त कराया था? RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013

(1) 1947 (2) 1954
(3) 1961 (4) 1987

**Answer – 3**

**27.** लोकसभा में कितने सदस्य होते हैं? RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013

(1) 530 (2) 552
(3) 520 (4) 545

**Answer – 2**

**28.** किस वर्ष सूरत में राष्ट्रीय आन्दोलन के नरम दल और गरम दल नेताओं के बीच विभाजन की घटना हुई थी? RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013

(1) 1907 (2) 1905
(3) 1915 (4) 1900

**Answer – 1**

**29.** भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?

**RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013**

(1) जाकिर हुसैन (2) एस. राधाकृष्णन्

(3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (4) वल्लभभाई पटेल

**Answer – 3**

**30.** संविधान के किस संशोधन के द्वारा मौलिक कर्त्तव्यों को इनमें शामिल किया गया है?

**RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013**

(1) 31वें (2) 42वें

(3) 58वें (4) 82वें

**Answer – 2**

**31.** संविधान की ........ सूची में केन्द्र और राज्यों के बीच शक्ति-विभाजन का वर्णन किया गया है

RRC 'ग्रुप डी' मुम्बई 08.12.2013

(1) प्रथम (2) पंचम
(3) सप्तम (4) नवम

**Answer – 3**

**32.** भारतीय संविधान सभा ने किस दिन भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अपनाया था?

RRB 'ग्रुप डी' 2018

(1) 26 जनवरी, 1947 (2) 15 अगस्त, 1947
(3) 22 जुलाई, 1947 (4) 26 नवम्बर, 1950

**Answer – 3**

**33.** लोकसभा में व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्णायक अधिकार निम्न में से किससे पास होता है? **RRC 'ग्रुप डी' कोलकाता 08.12.2013**

(1) सभा के मार्शल (2) प्रधानमन्त्री

(3) स्पीकर

(4) सुरक्षाकर्मी के प्रधान

**Answer – 3**

**34.** भारत में प्रधानमन्त्री के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने की न्यूनतम आयु सीमा क्या है?

(1) 25 वर्ष (2) 35 वर्ष

(3) 45 वर्ष (4) 30 वर्ष

**Answer – 1**

**35.** पंचायती राज प्रणाली को क्यों अंगीकार किया गया था?

RRC 'ग्रुप डी' कोलकाता 08.12.2013

(1) लोगों को राजनीति से जागरूक रखने के लिए

(2) लोकतन्त्र की शक्ति को विकेन्द्रीकृत करने के लिए

(3) कृषकों को शिक्षित करने के लिए

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Answer – 2**

**36.** भारतीय संविधान का कौन–सा भाग राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों से सम्बद्ध है?

RRC 'ग्रुप डी' हाजीपुर 08.12.2013]

(1) भाग-I

(2) भाग-III

(3) भाग-IV

(4) भाग-V

**Answer – 3**

**37.** भारत के संविधान का 44वाँ संशोधन, मौलिक अधिकारों की श्रेणी में से निम्न किस अधिकार को हटाता है?

RRC 'ग्रुप डी' हाजीपुर 08.12.2013

(1) बोलने की स्वतन्त्रता
(2) विधि के समक्ष समता
(3) सम्पत्ति का अधिकार
(4) धर्म की स्वतन्त्रता

**Answer – 3**

**38.** भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन था?

RRB 'ग्रुप डी' 2018

(1) आर के त्रिवेदी
(2) टीएन शेषण
(3) कल्याण सुन्दरम
(4) सुकुमार सेन

**Answer – 4**

**39.** भारत में मतदाता की सूची को अद्यतन करने की जिम्मेदारी किसकी है?

**RRC 'ग्रुप डी' दिल्ली 01.12.2013**

(1) गृह मन्त्रालय
(2) सम्बन्धित राज्य
(3) चुनाव आयोग
(4) संसदीय सचिवालय

**Answer – 3**

**40.** निम्न में से कौन–सा विषय यूनियन लिस्ट (केन्द्रीय सूची) में शामिल नहीं है?

**RRC 'ग्रुप डी' दिल्ली 01.12.2013**

(1) रक्षा
(2) जन स्वास्थ्य
(3) वित्त
(4) विदेशी मामले

**Answer – 2**

**41.** निम्न में से कौन भारत का उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति भी रहा था?

RRC 'ग्रुप डी' दिल्ली 01.12.2013

(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(2) डॉ. एस राधाकृष्णन्

(3) नीलम संजीव रेड्डी

(4) ज्ञानी जैल सिंह

**Answer – 2**

**42.** भारतीय संविधान द्वारा कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है?

RRC 'ग्रुप डी' दिल्ली 01.12.2013

(1) 18 (2) 20 (3) 22 (4) 25

**Answer – 3**

**43.** भारतीय संविधान को कैसा माना जाता है?

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) एकात्मक (2) संघात्मक
(3) संसदीय
(4) संघीय स्वरूप एवं एकात्मक भावयुक्त

**Answer – 4**

**44.** सरकार के संसदीय स्वरूप में ...... को वास्तविक शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) राष्ट्रपति (2) संसद
(3) न्यायपालिका
(4) प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में मन्त्रिपरिषद्

**Answer – 4**

**45.** धर्म, नस्ल, जाति, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को ····· में निषेध बताया गया है।

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) अनुच्छेद 14
(2) अनुच्छेद 15
(3) अनुच्छेद 16
(4) अनुच्छेद 17

**Answer – 2**

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवश्यक नहीं है?

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) जन्म
(2) धनोपार्जन
(3) उत्तराधिकार
(4) पंजीकरण

**Answer – 2**

47. निम्नलिखित में से किस विशेषता और उसके स्रोत का गलत मिलान किया गया है?

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) न्यायिक पुनरीक्षण-ब्रिटिश प्रणाली
(2) समवर्ती सूची-ऑस्ट्रेलियाई संविधान
(3) निदेशात्मक सिद्धान्त-आयरिश संविधान
(4) मौलिक अधिकार-यू एस का संविधान

**Answer – 1**

48. ····· में 'कल्याणकारी राज्य' की संकल्पना का वर्णन किया गया है।

RRC 'ग्रुप डी' सिकन्दराबाद 01.12.2013

(1) प्रस्तावना
(2) मौलिक अधिकार
(3) निदेशात्मक सिद्धान्त
(4) मौलिक कर्त्तव्य

**Answer – 3**

**49.** कौन–सा अनुच्छेद है, जो जम्मू व कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता है?

[RRC 'ग्रुप डी' इलाहाबाद 01.12.2013]

(1) अनुच्छेद 356 (2) अनुच्छेद 370
(3) अनुच्छेद 390 (4) अनुच्छेद 395

**Answer – 2**

**50.** संविधान का कौन–सा अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है?

RRC 'ग्रुप डी' इलाहाबाद 01.12.2013

(1) अनुच्छेद 14 (2) अनुच्छेद 15
(3) अनुच्छेद 16 (4) अनुच्छेद 19

**Answer – 1**

# राज्य के नीति निदेशक तत्त्व

भारतीय संविधान के भाग–IV के अनुच्छेद 36-51 में राज्य के लिए नीति–निर्देशित करने वाले तत्त्वों का उल्लेख किया गया है। यह संकल्पना **आयरलैण्ड** के संविधान में अभिप्रेरित (Motivated) है।

# मौलिक कर्त्तव्य

सरदार स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर मौलिक कर्त्तव्यों को वर्ष 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा भाग–4 (क) के **अनुच्छेद 51 ( क )** के अन्तर्गत संविधान में समाविष्ट किया गया।

ये न्यायालय के माध्यम से प्रवृत्त तो नहीं कराए जा सकते, किन्तु संविधान के निर्वचन में दिशादर्शन के रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। वर्तमान में **मौलिक कर्त्तव्यों** की संख्या 11 है।

# राष्ट्रपति

| | |
|---|---|
| निर्वाचन प्रक्रिया | भारत का राष्ट्रपति अप्रत्यक्ष रूप से एक निर्वाचक मण्डल द्वारा चुना जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और राज्य विधानसभाओं और संघीय क्षेत्रों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल में संसद के मनोनीत सदस्य, राज्य विधानसभाओं के मनोनीत सदस्य तथा राज्य विधानपरिषदों के सदस्य शामिल नहीं किए जाते। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय प्रणाली को अपनाया गया है। |
| महाभियोग | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61 के अनुसार राष्ट्रपति के द्वारा संविधान का उल्लंघन करने पर उसके विरुद्ध महाभियोग चलाकर उसे पदच्युत किया जा सकता है। महाभियोग प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है। राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति के नाम से प्रेषित करता है। |
| राष्ट्रपति के कार्य व शक्तियाँ | **कार्यपालिका सम्बन्धी शक्तियाँ** महत्त्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति व पदच्युति, शासन संचालन सम्बन्धी शक्ति, सैनिक क्षेत्र में शक्ति, इत्यादि। |
| | **विधायी शक्तियाँ** विधायी क्षेत्र का प्रशासन, सदस्यों का मनोनयन, अध्यादेश जारी करने की शक्ति, इत्यादि। |

## उपराष्ट्रपति

| | |
|---|---|
| निर्वाचन | उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत तथा गुप्त मतदान द्वारा होता है। |
| कार्यकाल | उपराष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष होता है किन्तु वह स्वेच्छा से त्याग-पत्र द्वारा भी अपना पद छोड़ सकता है अथवा उसे राज्यसभा के कुल बहुमत द्वारा पास किए गए प्रस्ताव से, जिसे लोकसभा भी स्वीकार कर ले, पदच्युत किया जा सकता है। |
| उपराष्ट्रपति के कार्य | उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। यदि कभी राष्ट्रपति, रोग अथवा अनुपस्थिति के कारण अस्थायी रूप से अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हो, तो उपराष्ट्रपति ही उसके स्थान पर कार्य करता है। |

## प्रधानमन्त्री

| | |
|---|---|
| प्रधानमन्त्री की नियुक्ति, वेतन तथा भत्ते | संसदीय प्रणाली में राष्ट्रपति **लोकसभा के बहुमत दल के नेता को** प्रधानमन्त्री पद पर नियुक्त करने के लिए बाध्य है। प्रधानमन्त्री को वही वेतन तथा भत्ते दिए जाते हैं जो संसद के सदस्यों को प्रदान किए जाते हैं। |
| प्रधानमन्त्री के कार्य व शक्तियाँ | मन्त्रिपरिषद् का निर्माण, मन्त्रियों में विभागों का बँटवारा और विभाग परिवर्तन 'राष्ट्रपति तथा मन्त्रिमण्डल के बीच सम्बन्ध स्थापित करना' देश के सर्वोच्च नेता तथा शासक के रूप में कार्य' अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करना आदि इसके प्रमुख कार्य हैं। |

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमन्त्री से सम्बन्धित प्रमुख तथ्य

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद दो कार्यकाल तक रहने वाले एकमात्र राष्ट्रपति थे।
- नीलम संजीव रेड्डी एकमात्र निर्विरोध निर्वाचित राष्ट्रपति थे।
- डॉ. वी वी गिरि एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे जिनके निर्वाचन में द्वितीय चक्र की मतगणना करनी पड़ी थी। ये प्रथम कार्यवाहक राष्ट्रपति थे।
- राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले सर्वोच्च न्यायालय के एकमात्र मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम हिदायतुल्ला थे।
- जी एस पाठक, बी डी जत्ती, एम हिदायतुल्ला और कृष्णकान्त राष्ट्रपति पद पर पदोन्नति न पाने वाले उपराष्ट्रपति रहे। डॉ. कृष्णकान्त एकमात्र उपराष्ट्रपति थे जिनका निधन कार्यकाल के दौरान हुआ।
- वर्ष 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान देश के राष्ट्रपति तथा प्रधानमन्त्री क्रमश: फखरुद्दीन अहमद तथा इन्दिरा गाँधी थे।
- प्रथम गैर कांग्रेसी प्रधानमन्त्री मोरारजी देसाई थे।
- सबसे लम्बे कार्यकाल वाले प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू थे।
- सबसे छोटे कार्यकाल वाले प्रधानमन्त्री— अटल बिहारी वाजपेयी (13 दिन) थे।
- लोकसभा चुनाव में पराजित होने वाली एकमात्र प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी थी। अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटने वाले पहले प्रधानमन्त्री विश्वनाथ प्रताप सिंह थे। पद ग्रहण के समय राज्यसभा के सदस्य रहने वाले प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी एवं डॉ. मनमोहन सिंह थे।
- पद ग्रहण के समय विधानसभा के सदस्य रहने वाले प्रधानमन्त्री एच डी देवगौड़ा थे। इन्द्रकुमार गुजराल (1997) देश के 12वें प्रधानमन्त्री थे।
- पी वी नरसिंह राव ऐसे प्रधानमन्त्री थे, जो पद ग्रहण के समय किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे।